Planning and Development Services
Building Division
8850 McLaughlin Road, Unit 1
Brampton, ON L6Y 5T1

महत्वपूर्ण नोटिस

बिल्डर्स और डिजाइनर

साइट योजनाओं पर आवश्यक जानकारी

बिल्डिंग परमिट आवेदनों के साथ लगाई जाने वाली सारी साइट योजनाएं पूरी तरह से परिमाप में होनी चाहिएं और उनमें साइट योजना के सभी आवश्यक आंकड़े होने जरूरी हैं। यह आवेदक की जिम्मेदारी है कि वह सिटी ऑफ ब्रैम्प्टन की बिल्डिंग डिवीजन (Building Division) को आवेदन की प्रक्रिया करने के लिए आवश्यक सारी जरूरी जानकारी प्रदान करे।

प्रस्तुत की जाने वाली सभी साइट योजनाओं में डिजाइनर की योग्यता/रजिस्ट्रेशन BCIN शामिल होना आवश्यक है, जैसा कि ओ.बी.सी. डिवीजन सी. (OBC Division C), सेक्शन 3.2 के अनुरूप लागू है।

प्रस्तुत की जाने वाली सभी साइट योजनाओं में निम्नलिखित **ग्राफिकल जानकारी** शामिल होना आवश्यक है:

•साथ लगते लॉट्स पर पूरा या आंशिक बिल्डिंग फुटप्रिंट;

•सभी प्रॉपर्टी लाइनों से रिहायश की नजदीकी मुख्य दीवार से सीधी लाइन में नजदीकी स्थान से लिए गए परिमापों की दूरी;

•सभी पोर्चों, डेक्स, गैराज की सामने की दीवार की प्रॉपर्टी लाइनों से रिहायश की नजदीकी मुख्य दीवार से सीधी लाइन में नजदीकी स्थान से लिए गए परिमापों की दूरी;

•पोर्च और रिहायश के नजदीकी स्थान से साइट की त्रिकोणीय स्पष्टता वाली जमीन के साथ लगने वाली प्रॉपर्टी लाइन पर या कोनों वाले लॉट्स के घेरे तक की दूरी का परिमाप;

•प्रस्तावित डेक्स का आकार और ऊंचाई;

•पोर्च या रिहायश की सामने की दीवार से गैराज प्रक्षेप्ण का परिमाप;

•ड्राइववे चौड़ाई परिमाप।

प्रस्तुत की जाने वाली सभी साइट योजनाओं में निम्नलिखित **आंकड़े संबंधी जानकारी** शामिल होना आवश्यक है:

•औसत फिनिश्ड ग्रेड के बीच मापी गई प्रस्तावित बिल्डिंग की ऊंचाई और छत के छज्जों और उभारों के बीच औसत ऊंचाई स्तर;

•सामने के यार्ड के क्षेत्र का भूदृश्य वाले क्षेत्र की प्रतिशतता;

•गैराज के दरवाजे की चौड़ाई;

•गैराज के आंतरिक भाग की चौड़ाई;

•यार्ड का पिछला क्षेत्र, जहां यार्ड के पिछले हिस्से की दूरी कम की गई है, जैसा कि बाय-लॉ में अनुमति दी गई है;

•लॉट कवरेज, यदि लागू हो।

कृपया ध्यान दें कि लुप्त जानकारी के लिए ड्राइंग्स को नहीं मापा जाएगा। वास्तविक परिमाप आवश्यक हैं और केवल बाय-लॉ की न्यूनतम शर्तें बताने वाले आंकड़े स्वीकार्य नहीं हैं। कृपया यह सुनिश्चित करने के लिए अपने आर्किटेक्ट्स और सलाहकारों को यह जानकारी प्रदान करें कि ये शर्तें पूरी होती हैं। प्रस्तुति के समय आवश्यक जानकारी प्रदान करने से बिल्डिंग परमिट समीक्षा प्रक्रिया को जल्द निपटाने में मदद मिलेगी।

ऊपर बताई गई जानकारी के बिना प्रस्तुत की जाने वाली साइट योजनाओं के परिणामस्वरूप बिल्डिंग परमिट आवेदन की प्रक्रिया में देरी हो सकती है।

परमिट
टेली. 905-874-2401
फैक्स 905-874-2499

जांचें
टेली. 905-874-3700
फैक्स 905-874-3763

ज़ोनिंग सर्विसिज
टेली. 905-874-2090
फैक्स 905-874-2499